मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेल्वे,जोधपुर।

# महत्वपूर्ण सूचना

**विषय – खेलकूद कोटा 2024-25 के अंतर्गत उ.प.रे., जोधपुर मंडल हेतु पात्र खिलाडियो की ट्राईल/भर्ती प्रक्रिया हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश एवं अनुदेश।**

उ.प. रेलवे पर खुले विज्ञापन के तहत खेलकूद कोटा 2024-25 मे भर्ती हेतु रेलवे भर्ती कक्ष, उ.प.रेलवे, जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 04/2024 के माध्यम से जोधपुर मंडल पर लेवल-1 (ग्रेडपे 1800) की अधिसूचित रिक्तियो के संदर्भ मे पात्र 34 अभ्यर्थियो की सूचि रेलवे भर्ती कक्ष, उ.प.रेलवे, जयपुर की वेबसाइट पर दिनांक 07.01.25 तथा 07.02.2025 को जारी की गई, तदनुसार पात्र पाये गये सभी 34 अभ्यर्थियो की भर्ती के संदर्भ मे रेलवे भर्ती कक्ष, उ.प.रेलवे, जयपुर की वेबसाइट पर दिनांक 07.02.2025 को जारी महत्वपूर्ण सूचना अनुसार कब्बडी, क्रिकेट एवं फुटबॉल की क्रमानुसार ट्राईल दिनांक 06.03.25 से 08.03.25 तक आयोजित होने हेतु सूचित किया गया । उक्त ट्राईल निम्नानुसार **पुराना रेलवे स्टेडियम, खतरनाक पुलिया के पास, एसपीएस स्कुल के सामने, जोधपुर** मे दर्शायी गई तिथि एवं समय अनुसार आयोजित की जायेगी :-

| Name of Game | Event/Position/ Weight Category | No. of Vacancies (for Men/Women) | Eligiable Candidate | Date of Trail/Day Time of trail |
|---|---|---|---|---|
| Kabaddi - 10 | Left Cover | 01 (Men) (L-1) | 10 | Date : 06.03.2025 (Thursday)<br>Time : 08:00 AM |
| Cricket - 13 | Fast Bowler | 01 (Men) (L-1) | 03 | Date : 07.03.2025 (Friday)<br>Time : 08:00 AM |
| | Batsman | 01 (Men) (L-1) | 10 | |
| Football - 11 | Defender | 01 (Men) (L-1) | 06 | Date : 08.03.2025 (Saturday)<br>Time : 8:00 AM |
| | Mid Fielder | 01 (Men) (L-1) | 05* | |
| Total | | 05 (Men) (L-1) | 34 | |

*One Candiate is eligiable for one event/Position (Mid fielder/Defender) as per his option prior to his field trail.

अत: सभी पात्र अभ्यर्थियो को पुन: सूचित किया जाता है कि मंडल पर दिनांक 06.03.25 (गुरूवार) को कब्बडी (लेफट कॅवर), दिनांक 07.03.25 (शुक्रवार) को क्रिकेट (तेज गेंदबाज एवं बल्लेबाज) एवं दिनांक 08.03.25 (शनिवार) को फुटबॉल (डिफेन्डर एवं मिडफिल्डर) की ट्राईल आयोजित की जायेगी, जिसके लिए बुलावा पत्र रेलवे भर्ती कक्ष, उ.प.रेलवे, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते है । पात्र पाये गये सभी अभ्यार्थी ट्रायल हेतु निर्धारित की गई तिथि से एक दिन पूर्व उपस्थित होकर ट्रायल का स्थान एंव समय की जानकारी आवश्यक रूप से प्राप्त करे। किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी एवं अपडेट के लिए रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर की वेबसाइट तथा आवेदन मे आपके द्वारा इन्द्राज की गई अपनी मेल आईडी का निरतंर अवलोकन करते रहे ।ट्रायल के लिए उपस्थित होने वाले पात्र अभ्यार्थी निम्नलिखित दिशानिर्देशो एवं अनुदेशो की अनिवार्यत: पालना सुनिश्चित करे :-

1. पात्र अभ्यार्थी अपने साथ ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड किये गये **सभी दस्तावेजो की मूल प्रति सहित उनकी एक स्वंय सत्यापित प्रति ट्रायल में भाग लेने के समय आवश्यक रूप से साथ लाये** अन्यथा उन्हे ट्रायल में भाग लेने का अवसर नही दिया जायेगा। यदि कोई दस्तावेज हिन्दी अथवा अग्रेजी के अलावा अन्य किसी भाषा में है तो उसका अनुवाद हिन्दी अथवा अंग्रेजी में स्वंय द्वारा सत्यापित कर साथ लाये । केवल उन्हीं दस्तावेजो पर विचार किया जायेगा जिन्हे ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी के द्वारा अपलोड किया गया है ।

2. ट्रायल हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी को किसी प्रकार का दैनिक/ यात्रा भत्ता देय नही होगा।

3. पात्र अभ्यार्थी ट्रायल के समय संबंधित खेल की किट एवं सामग्री आवश्यक रूप से अपने साथ लाये ।

4. पात्र अभ्यर्थी को ट्रायल एंव भर्ती की प्रकिया हेतु 02-03 दिन जोधपुर रूकना पड़ सकता है, जिसके लिए उन्हे स्वंय के स्तर पर व्यवस्था करनी होगीं।

लगातार पृष्ठ 2 पर . . .

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

5. रेल प्रशासन ट्रायल की तिथि में किसी बदलाव, स्थान परिवर्तन अथवा अपरिहार्य परिस्थिति में निरस्त करने का अधिकार रखता है जिसके लिए किसी भी प्रकार का कोई दावा स्वीकार्य नही होगा।

6. पात्र अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय आवेदन मे अपलोड़ की गई फोटोग्राफ एवं समस्त दस्तावेज अपने साथ उपलब्ध रखेगे, जिनका सत्यापन एवं मिलान ट्रायल से पूर्व किया जायेगा ।

7. चयन हेतू किसी भी प्रकार की Canvassing, Misbehavior or Misconduct के लिए पात्र अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तत्काल निरस्त की जा सकती है, जिसके लिए कोई पत्राचार नही किया जायेगा।

8. ट्रायल /भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शक्तिवर्धक दवा / ड्रग्स/ स्टॉराईड/ एलकोहॉल का उपयोग पूर्णतया वर्जित है तथा उम्मीदवार को आवश्यक होने पर चिकित्सा जांच हेतु भी भेजा जा सकता है। इन पदार्थों का उपयोग किया जाना पाये जाने पर ट्रायल/भर्ती प्रक्रिया में भाग नही लेने दिया जायेगा तथा उसकी उम्मीदवारी को तत्काल रदद करते हुए उस अभ्यर्थी को भारतीय रेलवे की सभी भर्ती प्रक्रियाओ से वंचित कर दिया जायेगा।

9. किसी भी पात्र उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में प्रतिरूपण (Impersonation) करने का प्रयास नहीं करना चाहिए या किसी प्रतिरूपक (impersonator) की सहायता नहीं लेनी चाहिएअन्यथा ऐसे उम्मीदवार को सभी आरआरबी/आरआरसी परीक्षाओं या रेलवे में किसी भी नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने से आजीवन वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही उम्मीदवार के खिलाफ विधि सम्मत कानूनी कार्यवाही की जायेगी ।

10. उपरोक्त के अतिरिक्त रेलवे बोर्ड द्वारा इस संदर्भ मे समय-समय पर जारी नीतिनिर्देश एवं अनुदेशो सहित आरआरसी द्वारा जारी की गई अधिसूचनासंख्या 04/ 2024 (NWR/Sports/Open Advt.) दिनांक 06.09.2024 की सभी शर्ते एवं अनुदेश अक्षरशः लागु होगे एवं बुलाव पत्र में संलग्न अनुदेशानुसार पूर्ण तैयारी एवं दस्तावेजो के साथ रिपोर्ट करे ।

11. संलग्न पात्रता सूचि का अवलोकन कर अन्तिम कॉलम (रिर्माक्स) मे दिये गये निर्देशानुसार वांछित कार्यवाही पूर्ण करते हुए, जो दस्तावेज व जानकारी उपलब्ध करवानी हो उसे सभी मायनो मे पूर्ण कर ट्रायल मे उपस्थित होवे अन्यथा भर्ती समिति के निर्णयानुसार कार्यवाही करते हुए संबंधित को ट्राईल मे भाग लेने की अनुमति प्रदान नही की जायेगी ।

12. उक्त खेलकूद कोटे से सबंधित ट्रायल एवं भर्ती की सम्पूर्ण प्रक्रिया मंडल पर नामित भर्ती समिति की निगरानी मे सम्पन्न की जायेगी, जिसके संदर्भ मे किसी भी प्रकार के विरोधाभाष की स्थिति मे भर्ती समिति का निर्णय अंतिम होगा, जो सर्वमान्य होगा ।

13. पात्र अभ्यर्थियो को सलाह दी जाती है कि वह रेलवे में नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके धोखा देने की कोशिश करने वाले दलालों और नौकरी रैकेटर्स से सावधान रहें।

अत: **सभी पात्र अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं खेलकूद दस्तावेजो सहित बुलावा पत्र मे दिए गए निर्देशानुसार शपथ पत्र/एनओसी (जैसा भी मामला हो) अपने साथ लेकर ही दिनांक 06.03.25 (गुरूवार) को कब्बडी (लेफट कॅवर), दिनांक 07.03.25 (शुक्रवार) को क्रिकेट (तेज गेदबाज एवं बल्लेबाज) एवं दिनांक 08.03.25 (शनिवार) को फुटबॉल (डिफेन्डर एवं मिडफिल्डर) की उपरोक्तानुसार ट्राईल हेतु निर्धारित ईवेंटवार तिथियो को प्रात: 08:00 बजे अनिवार्य रूप से पुराना रेलवे स्टेडियम, खतरनाक पुलिया के पास, एसपीएस स्कुल के सामने, जोधपुर मे नामित खेलकूद अधिकारी/प्रभारी को अपनी उपस्थिति दे**, किसी भी परिस्थिति मे नियत तिथि, स्थान एवं समय पर उपस्थित नही होने वाले अभ्यर्थी को इस हेतु कोई अतिरिक्त अवसर प्रदान नही किया जायेगा अत: सभी पात्र अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार ट्राईल हेतु निर्धारित/नियत तिथि, स्थान एवं समय पर उपस्थित होते हुए उपरोक्त निर्देशों एवं अनुदेशो की अक्षरत: अनुपालना सुनिश्चित करें अन्यथा विपरित परिणामो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगे ।

**संलग्न** – पात्र अभ्यर्थियो की सूचि (अन्तिम कॉलम (रिर्माक्स) मे दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करने हेतु) ।

(संख्या-740ई/कार्मिक/भर्ती सैल/ खेलकूद कोटा-2024-25/35 दिनांक 28.02.2025)

**( मुकेश कुमार )**
सहायक कार्मिक अधिकारी-।।।
कृते मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक)
उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर ।

समस्त पात्र अभ्यर्थियो को सूचनार्थ ।
(जोधपुर मंडल हेतु )

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner